हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 21 जुलाई 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

4
दीदियों की अनूठी पहल, चावल और बीज से तैयार कर रही राखी, रक्षाबंधन पर बिखरेगी हरियाली



हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
21 जुलाई 2026
कूपन नं. 8

## प्रसिद्ध पर्यटन स्थल देशदेखा में आकाशीय बिजली का कहर

# पिकनिक मनाने गए युवक की गाज से मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में वर्षा के दौरान आकाशीय बिजली गिरने की एक दुखद घटना में एक युवक की मृत्यु हो गई। घटना 19 जुलाई को लगभग शाम 4:30 बजे किनकेल घाट के समीप खुले मैदान में हुई।

■ खराब मौसम में रिल बनाते समय वज्रपात से युवक की मृत्यु

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक गौरव खलखो उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम भुरसा, थाना कुनकुरी अपने साथियों के साथ कार से पिकनिक मनाने देशदेखा क्षेत्र गए थे। अचानक तेज गर्जना, बिजली चमकने एवं हल्की बारिश शुरू होने के बाद बारिश कम होने पर सभी साथीयों ने फोटो खिंचवाने व रिल बनाने के लिए खुले मैदान में उतर गए। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से गौरव खलखो उसकी चपेट में आ गया और बेहोश हो गया। साथियों द्वारा तत्काल निजी वाहन से जिला अस्पताल जशपुर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर थाना जशपुर द्वारा मर्ग कायम कर वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ की गई है। प्रारंभिक जांच में मृत्यु का कारण आकाशीय बिजली (वज्रपात) की चपेट में आना पाया गया है।

### जशपुर पुलिस ने की सतर्क रहने की अपील






### सावधानी बरतें लोग

जशपुर जिला वनांचल एवं पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण वर्षा ऋतु में आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। विगत वर्षों में वज्रपात से जनहानि एवं पशुहानि की घटनाएं सामने आई हैं। इसे देखते जिले के पुलिस कप्तान डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने जिले के समस्त नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है।

### चेतावनियों पर दें विशेष ध्यान

पुलिस कप्तान ने कहा है कि मौसम खराब होने, बादलों की तेज गर्जना, बिजली चमकने एवं वर्षा के दौरान लोग खुले मैदान, खेत, पहाड़ी क्षेत्र, जंगल तथा ऊंचे पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचें। ऐसी स्थिति में अनावश्यक रूप से मोबाइल फोन का उपयोग न करें तथा सुरक्षित भवन या पक्के आश्रय स्थल में चले जाएं। नागरिक बिजली के खंभों, हाईटेंशन तारों, मोबाइल टावरों, जलाशयों, नदियों एवं तालाबों के आसपास जाने से बचें। ग्रामीण एवं वन क्षेत्रों में रहने वाले लोग मौसम विभाग की चेतावनियों पर विशेष ध्यान दें तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी जागरूक करें।

### सुरक्षा उपायों का पालन करें

जशपुर पुलिस ने कहा है कि वज्रपात संबंधी किसी भी चेतावनी को गंभीरता से लें तथा सुरक्षा उपायों का पालन करें। आपकी सतर्कता एवं सावधानी ही आपके जीवन की सुरक्षा का सबसे प्रभावी माध्यम है। सावधानी ही सुरक्षा है, मौसम खराब होने पर सतर्क रहें, सुरक्षित रहें और जीवन की रक्षा करें।

### मनोरा तहसील में सर्वाधिक वर्षा

जिले में 1 जून से 20 जुलाई तक 2876 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 20 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 3764 मिमी हुई है, जो सामान्य से 76.4 प्रतिशत है। बीते दिवस जिले में 109.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू.अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है तहसील जशपुर में 288.3 मिमी, मनोरा में 505.8 मिमी, कुनकुरी में 347.2 मिमी, दुलदुला में 237.9 मिमी, फरसाबहार में 161.7 मिमी, बगीचा में 210 मिमी, कांसाबेल में 266.9 मिमी, पत्थलगांव में 277.1 मिमी, सन्ना में 408.9 मिमी एवं बागबहार में 172.2 मिमी वर्षा हो चुकी है।



## स्व. गोवर्धन बंग स्मृति फुटबॉल स्पर्धा का आगाज़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कुनकुरी विकासखंड के नारायणपुर में स्वर्गीय गोवर्धन बंग की स्मृति में आयोजित फुटबॉल महासंग्राम का शुभारंभ जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव की मुख्य उपस्थिति में उत्साह और खेल भावना के साथ हुआ। उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, खेल प्रेमियों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की मौजूदगी ने आयोजन को यादगार बना दिया।

■ रोमांचक मुकाबलों में दोकड़ा और बच्छरांव की दमदार जीत

उद्घाटन मुकाबला सन्ना तमेया और दोकड़ा के बीच खेला गया, जिसमें दोकड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2-1 से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। वहीं दूसरा मुकाबला महुवाटोली और बच्छरांव के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक बराबरी रहने के बाद मैच का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ, जिसमें बच्छरांव ने 3-1 से जीत हासिल कर अपनी दावेदारी मजबूत की। आयोजन समिति की ओर से बालेश्वर यादव, शंकर यादव, अशलाम आजाद, संतोष यादव, रामकृत नायक, नीलाम्बर यादव, छक्कन भगत, संजय यादव, संजय भगत, बन्दे सर, भारती भगत, संतोषी बन्दे, रोशन निराला, संदीप भगत, समीम शेख, अभिषेक पुरी, विकास नाग, सागिल राइन, रघु, गणेश, पुरसोत्तम देववत, अनुपम हर्ष सहित सभी सदस्यों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। पूरे मैदान में खेल प्रेमियों का उत्साह देखने लायक रहा। स्वर्गीय गोवर्धन बंग के सुपुत्र एवं जनपद सदस्य संजीव कुमार बंग ने आयोजन समिति, खिलाड़ियों, दर्शकों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का सशक्त मंच बनेगी।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए रायपुर में प्रवेश प्रारंभ

**जशपुरनगर।** शासकीय दिव्यांग महाविद्यालयए माना कैम्प रायपुर में शैक्षणिक सत्र 2026.27 के लिए दिव्यांग विद्यार्थियों के प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। यह प्रवेश श्रवण बाधित न्यूनतम 40 प्रतिशत दिव्यांगता वाले विद्यार्थियों के लिए है। समाज कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर 2 पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। बीपीए बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स में गायन और तबला वादन संगीत की पढ़ाई होगी जिसके लिए दृष्टि बाधित और अस्थि बाधित विद्यार्थी पात्र हैं। वहीं बीएफए बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स में चित्रकला विषय है जिसके लिए श्रवण बाधित और अस्थि बाधित विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। 12 वीं उत्तीर्ण इच्छुक दिव्यांग विद्यार्थी आवश्यक प्रमाण पत्रों के साथ प्रवेश ले सकते हैं।

### पुलिस की कार्रवाई, पांच जुआरी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुसौर और पूंजीपथरा पुलिस ने अलग-अलग कार्रवाई करते हुए पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नकदी, दो मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन तथा जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री जब्त की गई है। पुसौर पुलिस को ग्राम कठली के बड़े तालाब के पास खुड़खुड़िया, जुआ खेलने की जानकारी मिली थी। पुलिस टीम ने के पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही कुछ लोग भाग निकले, जबकि दिनेश कुमार चौधरी, उमाकांत निषाद और कमलेश निषाद को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। कार्रवाई के दौरान तीनों आरोपियों के पास से एक हजार नकद, दो मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन समेत अन्य सामग्री बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 6 के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई। इसी कड़ी में पूंजीपथरा पुलिस ने सुनील इस्पात, चिराईपानी के पास स्टाइगर जुआ संचालित किए जाने की सूचना पर दबिश देकर पंकज शर्मा और ऋषभ बाजपेई को गिरफ्तार किया। दोनों के कब्जे से तीन स्टाइगर गोटियां और 500 रुपये नकद जब्त किए गए। दोनों के खिलाफ भी छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### म्यूल एकाउंट गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** साइबर अपराध पर शिकंजा कसते हुए जांजगीर-चांपा पुलिस ने म्यूल अकाउंट (बैंक खातों) के जरिए देशभर में ऑनलाइन ठगी कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। साइबर थाना पुलिस ने इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी 10 से 15 हजार रुपये के कमीशन के लालच में अपने नाम से बैंक खाते खुलवाकर साइबर ठगों को उपलब्ध कराते थे। इन्हीं खातों के माध्यम से देश के अलग-अलग राज्यों में ऑनलाइन ठगी की रकम जमा और स्थानांतरित की जाती थी। पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देश पर समन्वय पोर्टल से प्राप्त इनपुट के आधार पर साइबर थाना जांजगीर-चांपा ने तकनीकी साक्ष्यों एवं बैंकिंग लेन-देन की गहन जांच की। जांच में पता चला कि कर्नाटक और महाराष्ट्र के तीन साइबर ठगी मामलों में कुल 1 लाख 62 हजार 149 रुपये की ठगी की गई थी। यह पूरी राशि चांपा के 5 आरोपियों द्वारा उपलब्ध कराए गए म्यूल खातों में ट्रांसफर हुई थी।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत अवैध हुकिंग कर खेत में भर रहा था पानी

**सेदम।** विद्युत पोल से अवैध हुकिंग कर खेत में पानी सिंचाई करना उस समय किसान को महंगा पड़ गया जब अचानक करंट प्रभावित कटे तार की संपर्क में आ गया। करंट की चपेट में आने से किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी परिजन को उस समय लगी जब रात में किसान घर नहीं पहुंचा। सबह जब परिजन खोजबीन की तो किसान खेत में मृत हालत में पड़ा मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत झरगांवा निवासी रतन पैकरा आ. स्व. सकल राम पैकरा (41 वर्ष) अपने खेत में लगाए गए धान का रोपा मं पानी की कमी को पूरा करने बिजली के खंभे से अवैध हुकिंग कर मोटर पंप लगा खेत में सिंचाई कर रहा था। शुक्रवार की शाम 5 बजे लगभग अपने खेत में पानी को देखने घर से गया था। जैसे ही किसान खेत के समीप पहुंचा तभी अवैध हुकिंग में बिछाए गए विद्युत प्रभावित नंगे तार के संपर्क में आ गया जिससे करंट लगने से रतन की खेत में ही तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई। इधर परिजन रात में रतन के घर नहीं आने पर खोजबीन की लेकिन सुनसान जगह व अंधेरा होने से उसका कहीं पता नहीं चला जबकि परिजन खेत में भी जाकर देखे थे। शनिवार दोपहर 1 बजे मृतक का शव धान के फसल लगे खेत में औंधे मुंह तार से चिपका हुआ गिरा पड़ा था। परिवार द्वारा मामले की जानकारी बतौली पुलिस को दी जहां मृतक के शव परीक्षण में रतन के शरीर में कटा हुआ नंगा तार चिपका हुआ था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### नहीं मिलेगा चोरी कनेक्शन में मुआवजा

अवैध बिजली कनेक्शन में किसी की करंट की चपेट में आने से मौत हो जाती है तो ऐसे मामलों में मुआवजा का प्रावधान नहीं है। इस घटना की जांच की जाएगी और संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। दो तीन किसानों द्वारा अवैध हुकिंग करने की भी जानकारी है जिसका विभाग द्वारा पता किया जा रहा है।

-आरपी सिंह, एई

## 151 पुलिस अधिकारियों के दायित्व बदले निमितेश सिंह होंगे जशपुर के नए एसडीओपी

**जशपुरनगर।** राज्य के गृह विभाग ने पुलिस प्रशासन में बड़ा फेरबदल करते हुए 151 पुलिस अधिकारियों के तबादले और नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। इस आदेश के तहत पुलिस मुख्यालय से लेकर विभिन्न जिलों तक अधिकारियों के प्रभार में बदलाव किया गया है। जारी आदेश के अनुसार, कई जिलों के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारियों के दायित्व बदले गए हैं। वहीं, निमितेश सिंह को जशपुर का नया एसडीओपी नियुक्त किया गया है।वर्तमान एसडओपी चंद्रशेखर परमा को सरायपाली स्थानांतरीत किया गया है, बेहतर पुलिस प्रशासन, कानून-व्यवस्था को और प्रभावी बनाने तथा प्रशासनिक कार्यों में गति लाने के उद्देश्य से यह तबादला सूची जारी की गई है।अब सभी की नजर नए पदस्थ अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने और पुलिस व्यवस्था में आने वाले बदलावों पर रहेगी।

## कलेक्टर ने की स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शैक्षणिक व्यवस्थाओं की समीक्षा

**जशपुरनगर।** विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण तथा व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली।

■ बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य, बिना ठोस कारण अनुपस्थित रहने वालों पर होगी कार्रवाई

बैठक में पाठ्यपुस्तकों के वितरण, विद्यार्थियों की अपार आईडी निर्माण, शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थितिए विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, स्मार्ट क्लास, डिजिटल बोर्ड, जश लर्न कार्यक्रम सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री व्यास ने प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा तथा सभी विकास खंडों के बीईओ को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में बेहतर शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी अधिकारी एवं शिक्षक पूरी गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी बैठक में कलेक्टर ने सभी शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति बिना किसी ठोस कारण के दर्ज नहीं होगी, उन्हें वेतन का भुगतान नहीं किया जाएगा।कलेक्टर ने जिन विद्यालयों में अभी तक पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं हुई हैं, वहां शीघ्र वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ से ही पढ़ाई सुचारू रूप से संचालित हो सके। साथ ही नवप्रवेशी विद्यार्थियों की अपार आईडी



तत्काल बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने पर विशेष जोर देते हुए अनुपस्थित छात्रों के पालकों से नियमित संपर्क स्थापित कर अनुपस्थिति के वास्तविक कारणों की जानकारी लेकर आवश्यक पहल करने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक विद्यालय में सभी विद्यार्थियों के पालकों के अद्यतन मोबाइल नंबर उपलब्ध रहें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत संपर्क किया जा सके।

कलेक्टर श्री व्यास ने पात्र छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण-पत्र समय पर बनवाने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को निर्धारित समय-सीमा में साइकिल वितरण पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।स्मार्ट क्लास की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों को इंटरेक्टिव फ्लैट पैनल का प्रभावी संचालन आना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक एवं तकनीक आधारित शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में एक आईटी मॉनिटर बनाने का सुझाव दिया, जो स्वयं डिजिटल उपकरणों का बेहतर उपयोग सीखकर अन्य विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षित कर सके।

## खेत में फंसे ट्रैक्टर को निकालते समय इंजन पलटने से दबकर चालक की मौत

**अम्बिकापुर।** खेत में जोताई करते समय फंसे हुए ट्रैक्टर को निकालने के दौरान दबकर एक ग्रामीण की मौत हो गई। घटना के दौरान ट्रैक्टर के इंजन का अगला हिस्सा उपर उठ गया और पलट गया। ग्रामीण के मौत के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है और घटना की जांच चल रही है। इधर इस घटना से परिजन में शोक का माहौल है।



बताया जा रहा है कि उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम रामनगर निवासी बालम सिंह नेटी आ. भज्जू राम ग्राम तेंदूटिकरा निवासी अपने रिश्तेदार के खेत में ट्रैक्टर लेकर जुताई करने गया हुआ था। जुताई करते समय ट्रैक्टर का इंजन कीचड़ में बुरी तरह से फंस गया था। बालक सिंह फंसे हुए ट्रैक्टर को निकालने का प्रयास कर रहा था। इस दौरान उसने ट्रैक्टर में लगे नागर को निकालकर अलग कर दिय और केज बिल में दोनों तरफ मोटी मोटी बल्ली फंसाकर ट्रैक्टर को निकालने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान बल्ली के सहारे ट्रैक्टर को खींचते समय ट्रैक्टर का अगला हिस्सा ऊपर उठ गया और ट्रैक्टर पलट गया।

### जगन्नाथ कथा के चौथे दिन होगा रुक्मिणी विवाह

## कृष्णा की दही-हांडी लीला ने भक्तों को किया मंत्रमुग्ध

**जशपुरनगर।** श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव दोकड़ा के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय श्री जगन्नाथ कथा का तृतीय दिवस रविवार को भक्ति, उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कथा वाचक एवं छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कीर्तन गायक कामता प्रसाद शरण जी ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल एवं किशोर लीलाओं का मनमोहक वर्णन करते हुए विशेष रूप से दही-हांडी (माखन चोरी) लीला का भावपूर्ण प्रसंग सुनाया।

कथा के साथ संगीतमय भजनों और कीर्तन से पूरा कथा पंडाल ₹जय श्रीकृष्ण₹ और ₹जय जगन्नाथ₹ के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। कथावाचक ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की माखन चोरी कोई साधारण घटना नहीं, बल्कि भक्त और



भगवान के प्रेम का दिव्य प्रतीक है। श्रीकृष्ण का गोप-बालकों के साथ मिलकर दही-हांडी फोड़ना, गोकुल की गलियों में नटखट बालक के रूप में विहार करना तथा गोपियों के साथ उनकी प्रेममयी लीलाएं मानव जीवन को प्रेम, सरलता, आनंद और निष्काम भक्ति का संदेश देती हैं। श्री जगन्नाथ मंदिर समिति ने बताया कि कथा के चतुर्थ दिवस भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मिणी के दिव्य विवाह उत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। विवाह प्रसंग के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, मंगल गीत, संगीतमय भजन-कीर्तन तथा विशेष महाआरती का आयोजन होगा।

### श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला में गहरा आध्यात्मिक संदेश छिपा

कथा व्यास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला में गहरा आध्यात्मिक संदेश छिपा है। दही-हांडी लीला यह सिखाती है कि सामूहिक प्रयास, एकता, प्रेम और विश्वास से जीवन की हर ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है। कथा के दौरान श्रद्धालु श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का श्रवण कर भाव-विभोर हो उठे और पूरा वातावरण भक्तिरस में डूब गया। संध्या के समय प्रस्तुत संगीतमय भजन-कीर्तन में श्रद्धालु झूम उठे। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने भी बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कथा का रसपान किया तथा भगवान श्री जगन्नाथ और श्रीकृष्ण के चरणों में सुख, शांति, समृद्धि एवं विश्व कल्याण की प्रार्थना की।

### दोकड़ा क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्सव का वातावरण

समिति ने सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार उपस्थित होकर इस दिव्य एवं अलौकिक विवाह उत्सव में सहभागी बनने का आग्रह किया है। श्री जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव के चलते पूरे दोकड़ा क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्सव का वातावरण बना हुआ है। श्रद्धालुओं में आगामी रुक्मिणी विवाह महोत्सव को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।

## जिले में खाद और बीज का पर्याप्त भंडार उपलब्ध

**जशपुरनगर।** खरीफ फसल की बुवाई के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए जशपुर जिले की सभी सहकारी समितियों में रासायनिक खाद एवं प्रमाणित बीज का पर्याप्त भंडारण कराया गया है।

कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा अपने निकटतम सहकारी समिति से शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर खाद एवं बीज प्राप्त करें। उप संचालक कृषि श्री एमआर भगत ने बताया कि जिले में वर्तमान में कुल 5056.740 मीट्रिक टन रासायनिक खाद उपलब्ध है। इसमें यूरिया 2283.140 मीट्रिक टन, डीएपी 1401.050 मीट्रिक टन, एनपीके 524.540 मीट्रिक टन, सुपर फॉस्फेट 467.500 मीट्रिक टन तथा म्यूरेट ऑफ पोटाश 380.510 मीट्रिक टन का पर्याप्त भंडार शामिल है। इसके अतिरिक्त किसानों को उर्वरकों के संतुलित एवं आधुनिक उपयोग को बढ़ावा देने के लिए नैनो यूरिया की 5,124 बोतल तथा नैनो डीएपी की 6,421 बोतल, कुल 11,545 बोतलें भी सहकारी समितियों में उपलब्ध कराई गई हैं। बीज उपलब्धता की जानकारी देते हुए कृषि विभाग ने बताया कि जिले में धान का 1454 क्विंटल, अरहर का 88 क्विंटल, उड़द का 457.64 क्विंटल, मूंगफली का 10 क्विंटल, रामतिल का 8.14 क्विंटल तथा तिल का 0.72 क्विंटल प्रमाणित बीज सहकारी समितियों एवं कृषि विभाग के माध्यम से उपलब्ध है।



# रामायण के इवेंट से ट्रेलर लीक रावण बने यश की मिली पहली झलक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में आयोजित इस इवेंट में पहली बार फिल्म 'रामायण' का ट्रेलर दिखाया गया। ट्रेलर दिखाने से पहले मेकर्स और ऑर्गेनाइजर ने कई बार इस बात की अपील की थी कि कोई भी इसका वीडियो या फोटो ना ले, क्योंकि आने वाले दिनों में इसे आधिकारिक तौर पर रिलीज किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर कोई भी ट्रेलर रिकॉर्ड करता पाया जाता है, तो उसी वक्त उससे फोन ले लिया जाएगा। इसके अलावा एंट्री के वक्त भी एक ऑनलाइन डॉक्यूमेंट पर साइन करवाया गया था कि दर्शकों द्वारा ट्रेलर की रिकॉर्डिंग नहीं की जाएगी। इन सब के बावजूद वहां मौजूद कुछ लोगों ने ट्रेलर को रिकॉर्ड करके ऑनलाइन लीक कर दिया। जिसमें रावण बने यश की पहली झलक मिली।

लाइफ Style



# रकुल
## रामायण का हिस्सा बनकर खुशी से झूमीं

रणबीर कपूर और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म 'रामायण' का हिस्सा बनकर रकुल प्रीत सिंह बेहद खुश हैं। फिल्म का भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर रकुल प्रीत सिंह भी शामिल हुईं। फिल्म में काम करने को लेकर अभिनेत्री बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर खुशी जताई है।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रकुल प्रीत सिंह ने इस प्रोजेक्ट को सिनेमा से भी आगे की एक यात्रा बताया है। आज रविवार को रकुल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'रामायण' के भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट की झलकियां शेयर कीं। साथ ही इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के बारे में बात की। इवेंट में रकुल प्रीत येलो कलर की ड्रेस में नजर आईं। उन्होंने लिखा है, 'एक ऐसी चीज का हिस्सा बनना सम्मान की बात है, जो जिंदगी और सिनेमा से भी कहीं बड़ी है। हमारा इतिहास, हमारी विरासत, हमारी रामायण। हम दुनिया के सामने भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह एहसास सचमुच शब्दों से परे है। आप सभी के हमारे साथ इस दुनिया में कदम रखने का बेसब्री से इंतजार है'। बता दें कि रकुल प्रीत सिंह को नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में शूर्पणखा की भूमिका में देखा जाएगा। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में होंगे। वहीं, साई पल्लवी माता सीता का रोल कर रही हैं। एक्टर यश रावण की अहम भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी। पहला हिस्सा इस साल दिवाली पर आएगा। वहीं, दूसरा पार्ट अगले साल यानी 2027 में दिवाली के अवसर पर रिलीज होगा।

## हॉलीवुड मसाला




# त्साही ने बॉलीवुड गाने पर किया डांस

**लॉस एंजिल्स।** फौदा के इस मशहूर स्टार त्साही ने इजराइल के पॉपुलर डांस शो 'डांसिंग विद द स्टार्स' में बॉलीवुड गाने 'मुंडियां तो बचके रहीं' पर धमाकेदार परफॉर्मेंस दी, जो अब चर्चाओं में आ गई है। त्साही ने बताया कि ये परफॉर्मेंस उन्होंने भारत, उसकी संस्कृति और बॉलीवुड को ट्रिब्यूट देने के लिए किया। उन्होंने कहा कि भारत में काम करने और लोगों से मिलने का उनका अनुभव बेहद खास रहा। इस खास मौके पर इस्राइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह भी शो में मौजूद रहे।




# बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का मिला था अवार्ड ...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्रेंडा फ्रिकर का 81 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने होम अलोन 2, माई लेफ्ट फुट जैसी फिल्में की। कैजुअल्टी जैसी ड्रामा सीरीज की। उन्हें माई लेफ्ट फुट के लिए बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस का अवार्ड मिला था। ब्रेंडा फ्रिकर का जन्म डबलिन में हुआ था। उन्होंने थिएटर से अभिनय करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद टीवी की दुनिया में कदम रखा। आगे चलकर वह फिल्मों में अभिनय करने लगीं। साल 1977 में ब्रेंडा फिल्म 'कोरोनेशन स्ट्रीट' में नजर आईं। साल 1978 में प्ले फॉर टुडे और लिकिंग हिटलर में भी उन्होंने काम किया। ब्रेंडा फ्रिकर ने बीबीसी के लिए एक मेडिकल ड्रामा 'कैजुअल्टी' भी किया था, इसमें उन्होंने नर्स मेगन का रोल किया था। वह इस शो से कई वर्षों तक जुड़ी रहीं।



# नकाब की ओपनिंग नाइट बनी यादगार...

**नई दिल्ली।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी 25 साल बाद थिएटर में नकाब पर परफॉर्म किया। इस बीच उन्हें अपने पहले ही शो को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला और पूरा शो हाउसफुल रहा। शिकागो में शो इस खास मौके को नवाजुद्दीन ने अपनी बेटी शोरा सिद्दीकी के साथ साझा किया। उनके लिए ये पल बेहद भावुक रहा, क्योंकि उन्होंने उसी मंच पर वापसी की, जहां से एक कलाकार के तौर पर उनका सफर शुरू हुआ था। नकाब के जरिए शोरा सिद्दीकी ने भी थिएटर में अपना डेब्यू किया और अपने पिता के साथ मंच पर नजर आईं। इससे पहले ही नवाजुद्दीन की वापसी को लेकर काफी एक्साइटमेंट थी, लेकिन शोरा ने भी अपने कॉन्फिडेंस और शानदार स्टेज प्रेजेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया और शाम की सबसे खास झलकियों में से एक बन गईं।



# नाचे नागिन गली गली पर किया डांस...

**मुंबई।** फिल्म 'नाचे नागिन गली गली' में मीनाक्षी शेषाद्रि को नागिन के रूप में देखा गया था। वहीं, अभिनेता नितीश भारद्वाज उनके अपोजिट दिखे। दिग्गज अभिनेत्री ने फिल्म के टाइटल सॉन्ग को रिक्रिएट किया है। उन्होंने तमाम दर्शकों और प्रशंसकों की गुजारिश पर फिर से इस गाने पर डांस किया है और सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है। अभिनेत्री मीनाक्षी ने फिल्म 'नाचे नागिन गली गली' की यादें फिर से ताजा की हैं। इसी के साथ उन्होंने रीना रॉय और श्रीदेवी को भी याद किया है। अपना डांस वीडियो शेयर करते हुए मीनाक्षी शेषाद्रि ने लिखा है, '70 के दशक के बीच में आई फिल्म 'नागिन' ने बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त धूम मचाई थी। इसमें रीना रॉय मुख्य भूमिका में थीं। 80 के दशक के बीच में श्रीदेवी की मुख्य भूमिका वाली फिल्म 'नगीना' के साथ इतिहास ने खुद को दोहराया।

## टीवी मसाला



# शो छोड़ने की खबरों पर दिलीप ने बताया अनबन का सच

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे पॉपुलर और दर्शकों का पसंदीदा कॉमेडी शो 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' पिछले कई सालों से लोगों को एंटरटेन कर रहा है। इस शो का हर एक किरदार दर्शकों के दिल के बेहद करीब है, लेकिन अगर जेठालाल की बात करें तो उनके बिना इस शो की कल्पना करना भी मुश्किल है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया और खबरों के बाजार में एक अफवाह तेजी से उड़ रही है कि जेठालाल यानी सबके चहेते दिलीप जोशी इस शो को अलविदा कह रहे हैं। इस खबर ने फैंस को तगड़ा झटका दिया था और हर कोई काफी परेशान था। लेकिन, अब खुद दिलीप जोशी ने इस पूरे मामले पर अपनी चुप्पी तोड़ी है और सच सबके सामने रख दिया है। दिलीप जोशी ने इन सभी खबरों को पूरी तरह से अफवाह और बकवास करार दिया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वे कहीं नहीं जा रहे हैं और शो को छोड़ने का उनका कोई इरादा नहीं है। दिलीप जोशी ने बताया कि जब भी इस तरह की झूठी खबरें सामने आती हैं, तो उन्हें बहुत दुख होता है। वे पिछले कई सालों से इस शो का हिस्सा हैं और दर्शकों से उन्हें जो प्यार मिला है, उसकी कोई तुलना नहीं की जा सकती। उन्होंने फैंस से अपील की है कि वे इस तरह की किसी भी उड़ती हुई खबर पर भरोसा न करें, क्योंकि वे आगे भी जेठालाल बनकर दर्शकों को हंसाते रहेंगे। दरअसल, कुछ समय पहले मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया गया था कि शो के मेकर्स और दिलीप जोशी के बीच किसी बात को लेकर अनबन हो गई है।

## लॉक अप 2 में होगी अपूर्वा की एंट्री?

**नई दिल्ली।** जब 'लॉक अप: सच या सजा' का खेल और भी ज्यादा अनप्रेडिक्टेबल होता जा रहा है, तब इंटरनेट पर एक नया ट्विस्ट सामने आया है और इसमें अपूर्वा मखीजा का नाम शामिल है। हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन सोशल मीडिया पर उनके शो में शामिल होने की संभावना को लेकर खूब चर्चा हो रही है। इंटरनेट पर चर्चा है कि अपूर्वा मखीजा 'लॉक अप 2' में शामिल हो रही हैं। कई फैन पेज और कंटेंट क्रिएटर्स इस संभावना को लेकर अपना उत्साह जाहिर कर रहे हैं और संकेत दे रहे हैं कि अपूर्वा मुखिजा जल्द ही 'लॉक अप' सीजन 2 के घर में एंट्री कर सकती हैं। अपनी बेबाक पर्सनैलिटी और जबरदस्त मौजूदगी के लिए मशहूर अपूर्वा को लेकर यह चर्चा तब और तेज हो गई जब फैंस ने 'द ट्रेटर्स' में उनके शानदार परफॉर्मेंस को याद किया और उन्हें फिर से किसी रियलिटी शो में देखने की इच्छा जताई। एक और यूजर ने कहा, 'रेबेल किड को श्रेया कालरा को ज्यादा स्क्रीन स्पेस देने के लिए लाया गया है'।



# आर्टिकल 370 को तीन राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर आदित्य ने जताई खुशी

**मुंबई।** 72वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के विजेताओं के नाम से पर्दा हट गया है। बीते दिन पुरस्कारों का ऐलान हुआ। यामी गौतम अभिनीत फिल्म 'आर्टिकल 370' को बेस्ट फीचर फिल्म का पुरस्कार मिला है। इसके अलावा फिल्म ने दो और पुरस्कार जीते हैं। इसी फिल्म के लिए यामी गौतम के नाम का ऐलान सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के तौर पर किया गया है। इसके अलावा सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन के लिए शशवत सचदेव ने पुरस्कार जीता है। इस पर आदित्य धर ने खुशी जताई है और यह वादा किया है कि वे इसी तरह की कहानियां लाते रहेंगे। आदित्य धर ने लिखा है, 'फिल्म 'आर्टिकल 370' के लिए तीन नेशनल अवॉर्ड जीतना एक ऐसा पल है, जिसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है। यह अनुभव मुझे विनम्र और भावुक बनाता है और मेरा दिल गहरे आभार से भर देता है। जब हमने यह फिल्म बनाने का फैसला किया, तो हमारा मकसद अवॉर्ड पाना नहीं था। हम ईमानदारी, हिम्मत और सच्चाई के साथ एक कहानी कहने के पक्के इरादे से प्रेरित थे। यह देखना वाकई बहुत सुखद है कि देश भर के दर्शकों ने इस सफर को पसंद किया और अब इसे भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सम्मान से नवाजा गया है। इस शानदार सम्मान के लिए सम्मानित जूरी का और उन सभी लोगों का मैं तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं, जिन्होंने 'आर्टिकल 370' देखी, उसे सपोर्ट किया, उस पर चर्चा की और उसमें भरोसा जताया।




# चर्चा में आया सलमान का नया लुक! कुछ लोगों ने धर्मेंद्र से की तुलना

**मुंबई।** सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर चर्चा में हैं। इससे पहले सलमान खान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो पर कई फैंस ने इसलिए चिंता जताई है कि सलमान खान की सेहत काफी घट गई है। सलमान खान दशकों से अपनी फिटनेस के लिए मशहूर हैं। ऐसे में उनकी सेहत का घटना उनके फैंस के लिए हैरानी की बात है। आपको बता दें कि सलमान खान हाल ही में मुंबई में एक प्रोग्राम में शामिल हुए। यहां उन्होंने हल्के ऑलिव ग्रीन रंग की शर्ट पहनी। उन्होंने कैप से अपने लुक को पूरा किया। वीडियो में उनका चेहरा पहले की तुलना में काफी अलग नजर आ रहा है। वह काफी थके हुए नजर आए। इसलिए उनका यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। सलमान खान के लुक को लेकर एक यूजर ने लिखा 'सलमान खान को क्या हुआ? पहले मुझे लगा कि वह सलमान खान नहीं है, फिर मैंने शेरा को देखा। वह धर्मेंद्र के जैसे उम्रदराज लग रहे हैं।' एक दूसरे यूजर ने लिखा 'दोस्तों सलमान खान को क्या हुआ है? उनका चेहरा देखिए, वह दादा की तरह लग रहे हैं। वह ठीक से चल भी नहीं पा रहे हैं।'



### किरदार में ढलने के लिए ली सख्त ट्रेनिंग

कुछ दूसरे फैंस ने अंदाजा लगाया कि हो सकता है कि सलमान खान ने अपनी नई फिल्म के लिए अपना लुक बदला हो। कुछ यूजर्स ने अंदाजा लगाया कि सलमान खान की बढ़ती उम्र की वजह से ऐसा हुआ होगा। इस मामले पर अभिनेता या उनकी टीम की तरफ से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। सलमान खान के काम की बात करें तो उनके पास फिल्म 'मातृभूमि' है। इसके लिए उन्होंने काफी मेहनत की है। अपने किरदार में ढलने के लिए उन्होंने सख्त ट्रेनिंग ली है। वह एक नई फिल्म में नयनतारा के साथ नजर आने वाले हैं।



## मैंने प्यार किया से मिली ब्लॉकबस्टर सफलता और पहचान

# लता-रफी ने गाए जिनके गीत, ताउम्र झेलनी पड़ी बी-ग्रेड फिल्मों की मार

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में कई संगीतकार और गीतकार ऐसे रहे हैं, जिन्होंने ताउम्र मेहनत की, लेकिन शायद उन्हें सफलता तब हासिल हुई, जब जिंदगी के वह आखिरी पड़ाव पर थे। सिनेमा में एक ऐसे ही गीतकार रहे, जिन्होंने खूब मेहनत की, जिनके लिखे गीतों को लता मंगेशकर ने गाया। मोहम्मद रफी भी जिनके लिखे गीतों को गा चुके हैं। आज कहानी उसी फनकार की...*



### ऐसे हुई कॅरियर की शुरुआत

असद भोपाली कॉलेज के दिनों से ही शेर-ओ-शायरी करते थे। वो मुशायरों में जाते थे। वो दौर आजाजी के बाद का था जब साल 1949 में मशहूर फिल्म निर्माता फाजली ब्रदर्स अपनी फिल्म 'दुनिया' के लिए नए गीतकार की तलाश में थे। दरअसल उनकी फिल्म मुख्य गीतकार आरजू लखनवी महज दो गाने लिखकर पाकिस्तान चले गए थे। ऐसे में फाजली ब्रदर्स को नए गीतकार की तलाश थी और फिर वह भोपाल एक मुशायरे में गए, जहां उनकी मुलाकात असद भोपाली से हुई। ये मुशायरा भोपाल के एक सिनेमा हॉल मालिक सुगम कपड़िया की सलाह पर फाजली ब्रदर्स ने भोपाल के 'भोपाल टॉकीज' में आयोजित करवाया। यहीं पर फाजली ब्रदर्स ने असद भोपाली को अपनी फिल्म में गीतकार के लिए साइन कर लिया।

### कौन थे असद भोपाली?

आज जिस फनकार का जिक्र हम कर रहे हैं उनका नाम था असद भोपाली। असद भोपाली ने अपने करियर में कम लेकिन बेहद कल्ट गाने लिखे, जिन्हें पसंद करने वालों की फेहरिस्त आज भी है। यहां तक कि उनके गाने आज भी सुपरहिट हैं। हालांकि उन्हें वो पहचान नहीं मिल पाई, जिसके वह हकदार थे। असद भोपाली का जन्म मध्यप्रदेश के भोपाल में 10 जुलाई 1921 को को हुआ था। उनका असली नाम असदुल्लाह खान था। हालांकि फिल्मों में आने के बाद उनका नाम बदल गया। उनके पिता अरबी और फारसी भाषाओं के शिक्षक थे, तो ऐसे में उन्हें इन भाषाओं का अच्छा ज्ञान था।

### सिनेमा को दिए कई हिट गाने

आखिरकार फिल्म दुनिया से असद भोपाली ने फिल्मी दुनिया में कदम रखा। इस फिल्म के लिए उन्होंने 'रोना है तो चुपके चुपके' और सुरैया की आवाज में 'अरमान लुटे, दिल टूट गया' जैसे गाने लिखे। हालांकि उनके करियर में बड़ा ब्रेक उन्हें मिला साल 1951 में आई फिल्म अफसाना से। इस फिल्म को बी.आर चोपड़ा ने बनाया था। इस फिल्म के लिए उन्होंने 6 गाने लिखे। फिल्म के एक गाने को लता मंगेशकर ने गाया और उसे असद भोपाली ने ही लिखा था। यह गाना हिट रहा और यहीं से असद भोपाली की किस्मत बदली। धीरे-धीरे ही सही लेकिन हां असद भोपाली का नाम सिनेमा में चल पड़ा।

### करियर की सबसे बड़ी फिल्म साबित हुई

असद भोपाली ने अपनी जिंदगी के अंतिम पड़ाव में भी वो कमाल किया, जिसकी किसी ने उम्मीद नहीं की थी। साल 1989 में आई राजश्री प्रोडक्शंस की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'मैंने प्यार किया' असद भोपाली के करियर की सबसे बड़ी फिल्म साबित हुई। इस फिल्म के लिए उन्होंने 'कबूतर जा जा जा' और 'दिल दीवाना' जैसे हिट गाने लिखे। ये गाने लिखकर ये साबित किया कि वे बदलते दौर के साथ भी खुद को ढाल सकते हैं।

### 100 से ज्यादा फिल्मों में 400 से ज्यादा गाने

असद भोपाली ने अपने 40 साल के करियर (1949-1990) में लगभग 100 से अधिक फिल्मों के लिए 400 से ज्यादा गाने लिखे। हालांकि यह नहीं है कि उनके गाने हिट नहीं हुए। उनके कुछ ऐसे कल्ट गाने भी बने, जो ब्लॉकबस्टर बने। साल 1963 में उन्होंने फिल्म पारसमणि के लिए गीत लिखे। इस फिल्म के गाने हिट रहे। फिल्म का एक गाना 'हंसता हुआ नूरानी चेहरा' आज भी सुपरहिट है। इस गाने को लता मंगेशकर और कमल बरोत ने गाया था। इसके अलावा उन्होंने साल 1972 में आई फिल्म रूप तेरा मस्ताना के लिए 'सौ बार जनम लेंगे, सौ बार फना होंगे', 1965 में आई फिल्म एक सपेरा एक लुटेरा के लिए 'हम तुमसे जुदा होके, मर जाएंगे रो-रो के' समेत कई गाने गाए।

## खबर संक्षेप

### प्रकाश ने नीट में हासिल किया 518 अंक



**बिलाईगढ़।** सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के बिलाईगढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम बनाहिल के छात्र प्रकाश साहू ने नीट यूजी 2026 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रकाश ने 720 में से 518 अंक प्राप्त किए हैं और अब उनका चयन एक प्रतिष्ठित सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए होने की प्रबल संभावना है। प्रकाश, संतोष कुमार साहू एवं रामेश्वरी साहू के पुत्र हैं। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रकाश ने अपनी सफलता का राज बताते हुए कहा कि वे प्रतिदिन 8 से 10 घंटे पूरी एकाग्रता के साथ पढ़ाई करते थे। उन्होंने विशेष रूप से एनसीईआरटी की पुस्तकों के कॉन्सेप्ट्स को मजबूत करने और नियमित मॉक टेस्ट देने पर जोर दिया। उन्होंने बताया, शुरुआत में फिजिक्स विषय से डर लगता था, लेकिन लगातार अभ्यास और मॉक टेस्ट की मदद से वह डर खत्म हो गया।

### कई व्यवसायों में मिलेगा प्रवेश

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई रायगढ़ में सत्र 2026 के लिए विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के इच्छुक विद्यार्थी 24 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी और अभ्यर्थियों को संचालनालय के निर्धारित पोर्टल पर जाकर पंजीयन करना होगा।

### किरोड़ीमल में ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग शिविर

**रायगढ़।** ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग बच्चों के आकलन एवं आवश्यकता निर्धारण शिविर का आयोजन प्राथमिक शाला बालक, किरोड़ीमल नगर, विकासखंड रायगढ़ में किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांग बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने सहभागिता कर आवश्यक सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की क्षमताओं, आवश्यकताओं एवं समस्याओं की पहचान कर उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं, सहायक उपकरणों, चिकित्सकीय सेवाओं एवं विशेष शैक्षणिक सुविधाओं से जोड़ना रहा। शिविर में जिला चिकित्सालय रायगढ़ से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने पहुंचकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक परामर्श प्रदान किया। चिकित्सकीय दल में ईएनटी विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ, त्वचा रोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट, ऑडियोलॉजिस्ट सहित अन्य विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल रहे। विशेषज्ञों द्वारा बच्चों की शारीरिक एवं चिकित्सकीय स्थिति का परीक्षण कर उनकी जरूरतों के अनुसार आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में कुल 75 दिव्यांग बच्चों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 35 बच्चों का विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा परीक्षण किया गया।

### फसल बीमा को लेकर वर्कशॉप का आयोजन

**रायगढ़।** खरीफ सीजन में अधिक से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में कृषि विभाग, एआईसी तथा सीएससी के अधिकारियों ने विकासखंड स्तर के कृषि अधिकारियों और सीएससी के विलेज लेवल इंटरप्रेन्योर को योजना के प्रत्येक पहलू की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रावधानों, किसानों के ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, पात्रता, बीमा आवेदन की समय सीमा तथा तकनीकी प्रक्रियाओं पर विस्तार से जानकारी साझा की। साथ ही बताया गया कि प्राकृतिक आपदाओं, अतिवृष्टि, अल्पवृष्टि, ओलावृष्टि एवं अन्य जोखिमों से फसलों को होने वाले नुकसान की स्थिति में यह योजना किसानों के लिए आर्थिक सुरक्षा कवच का कार्य करती है।

भाई की कलाई पर प्यार, धरती मां को उपहार की थीम पर अभिनव पहल

# दीदियों की अनूठी पहल, चावल और बीज से तैयार कर रही राखी, रक्षाबंधन पर बिखरेगी हरियाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में स्व सहायता समूहों की दीदियां इन दिनों रक्षाबंधन को प्रकृति से जोड़ने की अनूठी मिसाल पेश कर रही हैं। इस बार रक्षाबंधन का पर्व भाई बहन के अटूट स्नेह के साथ हरियाली और प्रकृति संरक्षण का भी संदेश देगा।

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिला पंचायत रायगढ़ एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एनआरएलएम बिहान के सहयोग से जिलेभर में महिलाएं धान, मक्का, सेमी, करेला, बरबटी सहित विभिन्न देसी बीजों से आकर्षक बीज राखियां तैयार कर रही हैं। यह अनूठी राखी केवल भाई बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक नहीं होगी, बल्कि धरती मां को हरियाली का उपहार देने का भी संदेश देगी। विशेष बात यह है कि यदि रक्षाबंधन के बाद यह राखी मिट्टी में चली जाती है या बाहर फेंकी जाती है, तो इसमें लगे बीज अंकुरित होकर पौधे का रूप ले लेंगे और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभाएंगे। बीज राखी अभियान के माध्यम से जिले की स्व सहायता समूहों की महिलाएं न केवल अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दे रही हैं बल्कि समाज को प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संदेश भी दे रही हैं। इस पहल का उद्देश्य रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक पर्व को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए अधिक से अधिक लोगों को हरियाली बढ़ाने के लिए प्रेरित करना है। धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम दुलियामुड़ा कोयलार में कृष्णा स्व सहायता समूह की सक्रिय महिला कविता राठिया ने धान, भुट्टा, सेमी, करेला एवं बरबटी के बीजों से आकर्षक बीज राखियां तैयार की हैं। उनका समूह जय ठाकुर देव ग्राम संगठन, रोशनी महिला संकुल संगठन दुर्गापुर से जुड़ा हुआ है। कविता राठिया की यह पहल अन्य समूहों के लिए भी प्रेरणा बन रही है। इसी प्रकार रायगढ़ जिले के सभी सातों विकासखंडों में बीज राखी बनाने का कार्य पूरे उत्साह के साथ चल रहा है। रायगढ़ विकासखंड के बैसपाली नंदेली सीएलएफ, जुनवानी ग्राम संगठन, लोइंग क्लस्टर, गोपालपुर एवं संबलपुरी सीएलएफ, धर्मजयगढ़ में कृषि सखियों द्वारा, लैलूंगा, तमनार के लिबरा गांव में जननी स्व सहायता समूह, घरघोड़ा के बड़ेगुमड़ा में गायत्री स्व सहायता समूह तथा पुसौर के पुटकापुरी क्लस्टर सहित जिलेभर की महिलाएं पर्यावरण मित्र बीज राखियां तैयार कर रही हैं। गांव गांव में आयोजित स्व सहायता समूहों की बैठकों में भी इस अभियान को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।





राखियां तैयार करती स्व सहायता समूह की महिलाएं।

### सातों ब्लाकों से चुनी जाएगी सर्वश्रेष्ठ बीज राखी

अभियान के तहत 20 जुलाई को जिले के सभी सातों विकासखंडों से एक एक सर्वश्रेष्ठ बीज राखी का चयन किया जाएगा। चयन के दौरान राखी की आकर्षक डिजाइन, नवाचार, देसी बीजों का उपयोग, पर्यावरण संरक्षण का संदेश तथा रचनात्मकता जैसे पहलुओं को आधार बनाया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को प्रेरित करना है।

### अधिकारियों को बीज राखी बांधेंगी चयनित सात दीदियां, होंगी सम्मानित

20 जुलाई को चयनित होने वाली सातों विकासखंडों की विजेता दीदियों को 27 जुलाई को विशेष सम्मान दिया जाएगा। इस अवसर पर वे कलेक्टर सहित जिले के शीर्ष अधिकारियों को अपने हाथों से बीज राखी बांधेंगी। इसके पश्चात सभी चयनित दीदियों को उनके नवाचार, उत्कृष्ट कार्य एवं पर्यावरण संरक्षण में योगदान के लिए सम्मानित भी किया जाएगा। यह अभियान केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी निभाने का जनआंदोलन बनता जा रहा है। एनआरएलएम बिहान से जुड़ी स्व सहायता समूहों की दीदियां अपनी मेहनत और नवाचार से यह संदेश दे रही हैं कि यदि हर त्योहार को प्रकृति से जोड़ा जाए तो सामाजिक परंपराओं के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।



# सीईओ ने लिया पीएम आवास का जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे और सहायक कलेक्टर गोकुल आरके ने ग्राम पंचायत पंडरीपानी पूर्व एवं कुसमुरा का स्थलीय निरीक्षण कर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तथा जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माणाधीन आवासों, पेयजल अधोसंरचना एवं योजनाओं के संचालन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान पंडरीपानी पूर्व ग्राम पंचायत में 198 आवास स्वीकृत पाए गए, जिनमें 186 हितग्राहियों को प्रथम किस्त तथा 160 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त जारी की जा चुकी है। जिला पंचायत सीईओ ने अप्रारंभ आवासों में तत्काल निर्माण प्रारंभ कराने तथा विभिन्न चरणों में लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत कुसमुरा में 169 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें 168 हितग्राहियों को प्रथम तथा 164 हितग्राहियों को द्वितीय किस्त का भुगतान किया जा चुका है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पंडरीपानी पूर्व में अधिकारियों ने ओवरहेड टैंक ओएचटी पाइपलाइन नेटवर्क एवं फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन एफएचटीसी का निरीक्षण किया। योजना के अंतर्गत 255 एफएचटीसी लगभग 4,636 मीटर पाइपलाइन तथा 50 किलोलीटर क्षमता का 12 मीटर ऊंचा ओवरहेड टैंक स्थापित किया गया है। जिला पंचायत सीईओ ने घर-घर नियमित एवं स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा योजना के प्रभावी संचालन एवं अनुरक्षण के निर्देश दिए। इसके बाद ग्राम पंचायत कुसमुरा में रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना एवं ग्राम पंचायत को हस्तांतरित हैंडेड ओवर योजना का निरीक्षण किया गया। यहां 414 एफएचटीसी लगभग 550 मीटर पाइपलाइन विस्तार तथा 85 किलोलीटर क्षमता का 12 मीटर ऊंचा ओवरहेड टैंक स्थापित किया गया है।

# मासूम छात्र से मारपीट का आरोप प्राचार्य के खिलाफ एफआईआर

**चंद्रपुर।** सक्ती जिले के अंतिम छोर स्थित मां चंद्रहासिनी की नगरी चंद्रपुर के सरस्वती इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा 5वीं के छात्र के साथ विद्यालय के प्राचार्य विनोद पटेल द्वारा कथित रूप से गाली-गलौज और मारपीट किए जाने का मामला अब पुलिस तक पहुंच गया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने धारा 115(2) एवं 296 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



शिकायत के अनुसार, 14 जुलाई को दोपहर करीब 1 बजे स्कूल परिसर में छात्र के टाइल्स पर फिसलने की बात को लेकर प्राचार्य ने कथित रूप से उसे अपमानित किया, अभद्र भाषा का प्रयोग किया और सिर के पीछे थप्पड़ मार दिया। डरा-सहमा बच्चा घर पहुंचा और उसने अपने माता-पिता को पूरी घटना बताई। इसके बाद पिता ने जब प्राचार्य से फोन पर जवाब मांगा तो, शिकायत के अनुसार, उन्हें भी संतोषजनक उत्तर नहीं मिला और बहस हुई। पीड़ित परिवार ने मामले की लिखित शिकायत पुलिस में दर्ज कराई, जिस पर पुलिस ने धारा 115(2) एवं 296 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी है।

> यदि किसी भी बच्चे के साथ स्कूल परिसर में शारीरिक, मानसिक प्रताड़ना, क्रूरता या किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार की शिकायत सामने आती है, तो उसे अत्यंत गंभीरता से लिया जाएगा। चंद्रपुर के इस मामले की जानकारी प्राप्त होने पर छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग आवश्यक तथ्यों की जांच कराएगा तथा संबंधित अधिकारियों से प्रतिवेदन भी मांगा जा सकता है।
>
> **डॉ. वर्णिका शर्मा**
> **अध्यक्ष, छग राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग**

# स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और हॉस्टलों का निरीक्षण राजस्व अधिकारियों ने दी अचानक दबिश

**रायगढ़।** राजस्व अधिकारियों एवं जनपद सीईओ ने अपने-अपने क्षेत्रांतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों, शासकीय विद्यालयों, प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा आदिवासी छात्रावासों का निर्धारित जांच बिंदुओं के अनुरूप निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान संस्थानों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, कर्मचारियों की उपस्थिति, सेवा प्रदायगी तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता का सूक्ष्म परीक्षण करते हुए आवश्यक सुधार के निर्देश दिए जा रहे हैं। रायगढ़ एसडीएम महेश शर्मा ने प्राइमरी स्कूल कौहाकुंडा का निरीक्षण कर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन, पेयजल, शौचालय, साफ-सफाई तथा शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षण वातावरण बनाए रखने, विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सभी व्यवस्थाओं के प्रभावी संचालन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। वहीं घरघोड़ा एसडीएम प्रवीण तिवारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घरघोड़ा का आकस्मिक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान ओपीडी में 144 मरीज उपचार प्राप्त कर रहे थे। अस्पताल परिसर की स्वच्छता संतोषजनक पाई गई तथा पैथोलॉजी प्रयोगशाला में नियमित जांच कार्य संचालित मिला। आवश्यक दवाइयां भी उपलब्ध पाई गईं। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निजी वार्ड की सुविधा विकसित करने, जनरेटर को शीघ्र चालू कर ब्लड बैंक का संचालन सुनिश्चित करने, पैथोलॉजी जांच के लिए आवश्यक किटों की उपलब्धता बनाए रखने तथा मरीजों के परिजनों के लिए बेहतर प्रतीक्षा एवं ठहरने की व्यवस्था विकसित करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार तहसील पुसौर स्थित आदिवासी छात्रावास का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समस्त स्टाफ उपस्थित पाया गया तथा छात्रावास में 41 छात्र उपस्थित मिले। छात्रावास के कक्ष, रसोईघर, शौचालय एवं परिसर की साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई।



## जिला पंचायत सीईओ ने ली बैठक

**कोसीर।** नवपदस्थ जिपं सीईओ ऋषिकेश तिवारी सारंगढ़ जनपद में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समस्त हितग्राहीमूलक और विकास योजनाओं की मैराथन समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा, एनआरएलएम बिहान और प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की जांच की गई।



सीईओ श्री तिवारी ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों, सरपंचों और सचिवों को स्पष्ट हिदायत दी कि शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी को नियमतः और गुणवत्तापूर्ण कार्य त्वरित गति से निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के कड़े निर्देश दिए।

**शिल्पकारों का बढ़ाया हौसला, राष्ट्रीय पटल पर पहचान दिलाने की बात कही**

समीक्षा बैठक के उपरांत जिला पंचायत सीईओ ग्राम पंचायत बैगिनडीह पहुंचे। वहां उन्होंने स्थानीय झाराशिल्प बेल मेटल आर्ट के शिल्पकारों से मुलाकात की। श्री तिवारी ने शिल्पकारों की बेजोड़ कलाकृति और हुनर की भूरि भूरि सराहना करते हुए कहा कि इस पारंपरिक हस्तशिल्प को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान और मंच दिलाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

## कन्या छात्रावास में लगाया गया 51 पौधे

**खरसिया।** लायंस क्लब खरसिया सिटी द्वारा एक पेड़ माँ के नाम के तहत एमआर फैमिली द्वारा स्वर्गीय माता मणि देवी की स्मृति में संकल्पित 1100 पौधों का पौधरोपण अभियान के तहत शासकीय बालिका छात्रावास परिसर परसकोल में 51 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए लायन ऋषि अग्रवाल ने कहा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के प्रति लोगों में जनजागरूकता बढ़ाना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है।

इस अवसर पर स्कूल की छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी सुरक्षा के लिए टी गार्ड का उपयोग करने का आग्रह किया गया, ताकि पौधे सुरक्षित रहकर बड़े वृक्ष बन सकें। क्लब अध्यक्ष लायन संजय अग्रवाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक व्यक्ति पौधे लगाकर उनकी देखभाल करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और हरित वातावरण मिल सकेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लायन ऋषि अग्रवाल लायन संजय अग्रवाल, लायन रामनारायण सोनी, लायन सुंदरमल, राकेश गायत्री, संजय गुप्ता, संजय गुप्ता पत्रकार, प्रधान पाठक सिदार, छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती सरिता पटेल स्कूल स्टाफ सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन लायन रामनारायण सोनी संटी ने किया कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।



## अभिनव स्कूल में गूंजे जय जगन्नाथ के जयघोष

**पुसौर।** पुसौर स्थित अभिनव स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को भव्य रथयात्रा समारोह का आयोजन किया गया। स्कूल प्रबंधन का मानना है कि बच्चों को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रखकर उन्हें प्रयोगों, गतिविधियों और अपनी सनातन संस्कृति से जोड़ना जरूरी है ताकि वे अच्छे नागरिक बन सकें। इसी सोच के साथ स्कूल प्रमुख अक्षय कुमार सतपथी के दिशा-निर्देश और मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रचनात्मक गतिविधि से हुई। छात्रों को भगवान जगन्नाथ बलभद्र और देवी सुभद्रा के विग्रह चित्र बनाकर लाने के लिए कहा गया। जिन छात्र-छात्राओं ने सहमति जताई उन्होंने समूहों में अलग-अलग तरीके से सुंदर विग्रह तैयार किए। इनमें से सबसे उत्कृष्ट माने गए चित्रों का चयन कर उन्हें मुख्य पूजा के लिए स्थापित किया गया।



सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बढ़ा रहे आगे

# एनटीपीसी ने विद्यार्थियों को किया सामग्री वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

समावेशी एवं सतत सामुदायिक विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए एनटीपीसी लारा ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर पहल के अंतर्गत ग्राम छपोरा में लगभग 200 विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस अवसर पर एनटीपीसी लारा के परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर तथा मानव संसाधन प्रमुख जाकिर खान ने विद्यार्थियों को स्टेशनरी सामग्री, प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें, अध्ययन गाइड, रेनकोट एवं अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित की। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण अध्ययन संसाधन उपलब्ध कराकर उनकी शैक्षणिक प्रगति को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों, ग्रामीणों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सुभाष ठाकुर ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए भविष्य में क्षेत्र के समग्र सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिए उपयोगी सीएसआर गतिविधियों संबंधी सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी लारा स्थानीय समुदाय की आवश्यकताओं के अनुरूप, सतत एवं जनहितकारी सीएसआर परियोजनाओं के माध्यम से आसपास के गांवों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। शिक्षा को सामाजिक परिवर्तन का सबसे प्रभावी माध्यम मानते हुए एनटीपीसी लारा ऐसी जनकल्याणकारी पहलों के माध्यम से ग्रामीण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण तथा एक सशक्त, शिक्षित एवं समावेशी समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है।



### एनटीपीसी लारा में नव गुरुकुल स्कूल के विद्यार्थियों का औद्योगिक भ्रमण

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा में नव गुरुकुल स्कूल के विद्यार्थियों के लिए एक शैक्षणिक औद्योगिक भ्रमण इंडस्ट्रियल एक्सपोज़र विज़िट का आयोजन किया गया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को बिजली उत्पादन की आधुनिक प्रक्रिया एवं औद्योगिक कार्यप्रणाली से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान एनटीपीसी के अधिकारियों ने विद्यार्थियों को प्लांट के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों का अवलोकन कराया। उन्होंने कंट्रोल रूमए टरबाइनए जनरेटर, कोयला प्रबंधन संयंत्र सीएचपी सहित विद्युत उत्पादन की संपूर्ण प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। विद्यार्थियों ने अधिकारियों से विभिन्न तकनीकी विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका विस्तार से उत्तर दिया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने एनटीपीसी लारा के परियोजना प्रमुख व सुभाष ठाकुर से संवाद किया। श्री ठाकुर ने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करनेए विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने तथा अपने ज्ञान और कौशल से देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।



